अखिल बिस्व यह मोर उपाया । सब पर मोहि बराबरि दाया ।।
सब मम प्रिय सब मम उपजाए । सब ते अधिक मनुज मोहि भाए ।।
सांध्य दैनिक
| Ram Katha 940 - मानस वसुधैवकुटुम्बकम || New Yark(UNO) अमेरिका || *मोरारी बापू
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 26 | इंदौर, मंगलवार 06 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

उपभोक्ताओं को झटका

# गर्मी के दिनों की तरह ही बारिश में भी बढ़ी हुई खपत के बिल दे रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। बारिश में बिजली की खपत कम होने के बावजूद बिजली कंपनी द्वारा शहर के लोगों को बढ़ी हुई खपत यूनिट के ही बिल जारी किए जा रहे हैं। गर्मी में एसी, कूलर आदि के चलने से बिजली की खपत बढ़ गई थी तो स्वाभाविक तौर पर खपत यूनिट बढ़ गई थी और बारिश में बिजली के उपकरणों का उपयोग कम होने से बिजली की खपत कम हुई है।**

इसके उलट बिजली कंपनी के पूर्व शहर संभाग व पश्चिम शहर संभाग के जोन कार्यालय के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को गर्मी के दिनों की तरह ही बढ़ी हुई खपत यूनिट के तहत बिलिंग की जा रही है। इसमें आम लोगों को चार से पांच हजार रुपए तक की बिल की राशि जमा करना पड़ रही है। खास बात तो यह भी सामने आ रही है कि तापमान में गिरावट आने के बाद भी खपत यूनिट तीन गुना तक बढ़ गई है। यानी बारिश में बिजली का उपयोग कम होने के बाद भी गर्मी के दिनों की तरह ज्यादा यूनिट के बिल दिए जा रहे हैं। इससे लोगों पर बिजली बिलों का भार बढ़ गया है।

बिजली कंपनी के अफसरों का तर्क है कि स्मार्ट मीटर में ऑनलाइन रीडिंग व बिलिंग होती है। इसमें एवरेज या ज्यादा खपत यूनिट दी जाना संभव नहीं है। उपभोक्ता के मीटर में ज्यादा यूनिट आ रही है तो वह अपने मीटर की जांच करवा लें या घर में अर्थिंग की समस्या की जांच करवा ली जाए। बिजली कंपनी के एसई पीएस चौहान ने बताया वर्तमान में उपभोक्ताओं को जो बिल जारी हुए हैं। वे गर्मी सीजन के ही है। बारिश सीजन के बिल तो अब जारी होंगे। 4836 रुपए का बिल, जिसमें 1730 रुपए तो बिजली कंपनी ने एडिशनल चार्ज फिक्स चार्ज व मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर ही जोड़ दिए। यानी बिजली की खपत के अलावा अतिरिक्त चार्जेस से बिल की राशि बढ़ गई। बिल की राशि ज्यादा आने पर बिजली कंपनी के कस्टमर केयर नंबर-1912 पर शिकायत करने या बिजली कंपनी के जोन कार्यालय पर शिकायत करने पर भी बिल की राशि कम नहीं की जा रही है। ड्यू डेट निकलने तक राशि कम नहीं हो रही बिल सुधार की प्रक्रिया को भी बिजली कंपनी ने जटिल कर दिया है। इसमें पहले जोन पर शिकायत करो और उसके बाद परीक्षण होगा और एसई अधीक्षण कार्यालय को बिल भेजा जाएगा। ऐसे में शहर के करीब नौ जोन के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं के बिल एकत्रित हो जाते हैं। इनका निराकरण समय पर नहीं हो पा रहा है। बिल की ड्यू डेट निकलने तक भी बिल में सुधार होकर नहीं आता है। ऐसे में लोगों को बिजली कनेक्शन कटने के डर से बिल की पूरी राशि जमा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। कनेक्शन कटने पर दो तरह के चार्ज लोगों से लिए जाते हैं, जिसमें कनेक्शन कटने का और फिर कनेक्शन जोड़ने का चार्ज देना होता है।

## 20 साल में...10वीं बार 1000 मिमी से ज्यादा बारिश

**सीजन के 63 दिन में ही शहर का कोटा पूरा, बाकी 55 दिन में जो बारिश होगी वो बोनस**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** इस बार मानसून की सक्रियता के कारण लगातार बारिश हो रही है। 2 अगस्त को सीजन के 63 दिन में ही सीजन की बारिश का कोटा(39 इंच) भी पूरा हो गया था। सीजन की बारिश का 1000 मिलीमीटर का आंकड़ा भी पार हो गया है। 20 साल में 10वीं बार ऐसा हुआ। अभी सीजन खत्म होने में 55 दिन बाकी हैं। अब जो भी बारिश होगी वह बोनस में ही कहलाएगी। मौसम विशेषज्ञ कहते हैं यदि बारिश की यही रफ्तार जारी रही तो यह 20 साल की छठी सबसे ज्यादा बारिश हो सकती है। मौसम डाटा एनालिस्ट एके शुक्ला के मुताबिक 2005 से लेकर 2024 तक के वर्षों में यह छठा मौका है जब मानसून सीजन में ज्यादा बारिश की यह स्थिति बनी है। दो साल पहले सीजन में सबसे ज्याद कोटे से भी दोगुनी 1881 मिमी बारिश हुई थी, पिछले साल उससे आधी 923 मिमी बारिश ही ही हुई थी। इस बार अब तक 980.7 मिमी बारिश हो चुकी है।

शिवराज बोले-

# दिग्विजय के हाथ खून से सने

## संसद में मुलताई गोलीकांड का जिक्र, बोले- मुझे छेड़ोगे तो छोडूंगा नहीं

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को राज्यसभा में मुलताई गोलीकांड का नाम लेकर कहा कि दिग्विजय सिंह यहां बैठे हैं। उनके हाथ खून से सने हैं। 24-24 किसानों को मारा। उन्होंने अन्य राज्यों में किसानों पर हुई गोलीबारी की घटनाओं का जिक्र कर कांग्रेस को घेरा।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। दरअसल, शिवराज सिंह चौहान ने अपना वक्तव्य देना शुरू किया तो विपक्ष ने हंगामा कर दिया। इस पर उन्होंने कहा- मुझे छेड़ो मत, मुझे छेड़ोगे तो छोडूंगा नहीं। शिवराज के वक्तव्य के दौरान कांग्रेस सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। बाद में दिग्विजय सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा- कृषि मंत्री को मैं सालों से जानता हूं। वे आदत से लाचार हैं, झूठ बोलने के आदी हैं।**

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन को गुमराह किया है। इसके लिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाया जाएगा। यह जानकारी कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला और दिग्विजय सिंह ने दी।

### शिवराज ने गिनाई किसानों पर हुई गोलीबारी की घटनाएं

शिवराज ने कहा- अब इन्होंने छेड़ा है तो ये सुन लें, 1986 में जब बिहार में कांग्रेस की सरकार थी तब 23 किसानों की मौत गोलीबारी से हुई थी। 1988 में दिल्ली में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर किसानों पर गोली चलाई गई, दो किसान मारे गए। 1988 में मेरठ में इन्होंने किसानों पर फायरिंग की, 5 किसान मारे गए। 23 अगस्त 1995 को हरियाणा में गोली चलाई गई और 6 किसान मारे गए। 12 जनवरी 1998 को मुलताई में किसानों पर गोली चली, कांग्रेस की सरकार थी, 24 किसान मारे गए।

### विपक्ष के हंगामे और वॉकआउट पर सभापति ने की टिप्पणी

विपक्ष के वॉकआउट पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा- ये दुर्भाग्यपूर्ण है, और दर्दनाक भी है। किसान वर्ग सबसे महत्वपूर्ण है। जब उस वर्ग के बारे में चर्चा हो रही है तो हर सदस्य का ये मौलिक कर्तव्य है कि वो चर्चा में गंभीरता से भाग लें। इस विषय पर चर्चा के लिए जिसने जितना समय मांगा उतना समय मैंने दिया। मुझे उम्मीद थी कि सरकार का पक्ष सुनकर यदि कोई बात निकलेगी तो कानून के तहत मुद्दा उठाया जाएगा। जो व्यवधान पैदा किया है वो नियमों के विपरीत है। मेरे निर्देश के बाद ये शासन की अवहेलना है। ये अत्यंत गंभीर है।



### कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों के भाषणों में किसानों का जिक्र नहीं

सभापति की बात खत्म होने के बाद शिवराज ने फिर कहा- मैं जब कृषि मंत्री बना तो मुझे लगा कि जितने प्रधानमंत्री भारत में आज तक हुए हैं उन सबके भाषणों को पढ़ना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण भाषण 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लाल किले की प्राचीर से दिए जाने वाला भाषण होता है।

स्वर्गीय पंडित नेहरू के सारे भाषण पढ़े 1947 से लेकर 1961 तक किसान शब्द नहीं आया। ये आपकी प्राथमिकता है। कभी किसी के सम्मान को ठेस पहुंचाने का मैं आदी नहीं हूं। शिवराज ने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के भाषणों का जिक्र करते हुए कहा उनकी प्राथमिकता में कभी किसान नहीं रहा। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाषणों में किसान का जिक्र हुआ।

### एक नेता ने रियल दिखने के लिए खेत में जाकर रील बनाई

शिवराज ने कहा- नाटक से किसान की जिंदगी नहीं बदलेगी। एक नेता जिन्होंने बड़ी-बड़ी यात्राएं निकालीं, वे यात्रा के दौरान हरियाणा के सोनीपत गए, रियल दिखने के लिए रील बनाई। 2023 का सोनीपत का वीडियो है। वे अचानक खेत में पहुंच गए किसान से ज्यादा कैमरे थे। दो लोग पकड़कर खेत में पहुंच गए। कैमरामैन से पूछ रहे थे क्या करना है। मेरे पास उसकी पूरी वीडियोग्रॉफी की पेनड्राइव है।

### शिवराज ने कहा- ये किसान के नाम पर नाटक करते हैं

शिवराज ने कहा- मैं सदन के पटल पर रखता हूं। ये किसान के नाम पर नाटक करते हैं। जब इनको हल भेंट किया जाता है तो ये पूछते हैं ये है क्या? और एक स्वर्गीय प्रधानमंत्री ऐसे हुए जिन्होंने देखा कि लाल मिर्ची के दाम हरी मिर्ची से ज्यादा हैं तो उन्होंने कहा किसानों लाल मिर्ची ज्यादा क्यों नहीं उगाते। ये किसानी की बात करेंगे। जहां चर्चा करना हों कर लें। मैं किसान का बेटा हूं और खुद भी खेती करता हूं।

### दिग्गी बोले- कृषि मंत्री झूठ बोलने के आदी

दिग्विजय सिंह ने कहा- कृषि मंत्री को मैं सालों से जानता हूं। वो एक आदत से लाचार हैं। झूठ बोलने के आदी हैं। मप्र में चल गया, लेकिन अब वो केंद्र में कृषि मंत्री हैं। कमलनाथ जी की सरकार ने मप्र में लगभग 37 लाख किसानों का कर्जा माफ किया था। जिसमें शिवराज सिंह चौहान के गांव जैत जिला सीहोर में शिवराज सिंह चौहान के रिश्तेदारों का कर्जा माफ किया।

दिग्विजय ने कहा- शिवराज सिंह चौहान के कृषि मंत्री का बयान आया कि कांग्रेस के राज में कर्जा माफ हुआ लेकिन सदन में कृषि मंत्री कहते हैं कि कांग्रेस को जो मौका मिला था उसमें उन्होंने कोई कर्जा माफ नहीं किया। उसके प्रमाण हमारे पास हैं उसकी प्रोसिडिंग आपको दे दूंगा।

मुझ पर लांछन लगाया कि 2003 में जब दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री पद छोड़ा तब केवल साढ़े लाख एकड़ में सिंचाई होती थी, उन्होंने 47 लाख हेक्टेयर में सिंचाई कर दी। मेरे पास उन्हीं के मंत्रालय का डिटेल है 1997-98 में पोटेंशियल क्रिएटिव ऑफ 33 लाख हेक्टेयर, मेरे कार्यकाल में और जब मप्र का विभाजन हुआ तब 33 लाख हेक्टेयर में सिंचाई उपलब्ध थी इसके कई प्रमाण हैं।

# शॉर्ट पीएम में वृद्धा की मौत बीमारी से होना कन्फर्म

## बेटा लेकर पहुंचा था एमवाय अस्पताल, तब डॉक्टरों ने जताई थी हत्या की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रावजी बाजार इलाके में एक बेटा बुजुर्ग मां को मृत हालत में ट अस्पताल लेकर पहुंचा है। महिला का एक हाथ कटा है। शरीर पर चोट के भी निशान हैं। बेटे का दावा है मां घायल हालत में मिली थी। इधर, डॉक्टरों को हत्या की आशंका है। परिस्थिति को देखते हुए अस्पताल में पुलिस बुला ली है। बेटे को वहीं रोक लिया गया। लेकिन पूछताछ में उससे कुछ खास नही मिल पाया। इधर सोमवार दोपहर डॉक्टरों ने महिला की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट पुलिस को सौंपी। जिसमें बीमारी से मौत होने की बात सामने आई है।**

डीसीपी जोन-4 ऋषिकेश मीणा ने सोमवार को हुई शीला (65) पति शंकर तंबोली निवासी हरिजन कॉलोनी की मौत में बीमारी से मौत होने की बात कही है। उनके मुताबिक डॉक्टरों ने शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया है। सुबह महिला को लेकर डॉक्टरों ने हत्या की आशंका जताई थी। उसके कान में पीछे गंभीर घाव था। वही हाथ पर भी पट्टी बंधी हुई थी। बेटा भैय्यू जब अस्पताल पहुंचा तो उसके हाथ में भी काफी खून लगा हुआ था। रावजी बाजार टीआई अमोद राठौर खुद एमवाय अस्पताल पहुंचे। जिसमें उन्होंने पोस्टमॉर्टम के दौरान डॉक्टरों से बात की। उन्होंने कान के पीछे चूहे के कुतरने के निशान मिलने की बात कही। महिला के बेटे भैय्यू के बयान में भी भिक्षावृति करने की बात सामने आई थी। शुरूआत में पुलिस बेटे की भूमिका की जांच कर थी। जिसमें हत्या जैसे प्रमाण नहीं मिले हैं। लेकिन सभी पक्षों की मजबूती से पड़ताल कर रहे हैं।

### बेटा बोला- भतीजे ने देखा था सबसे पहले

डॉक्टरों ने सुबह अस्पताल लाए बेटे भैय्यू से हादसे को लेकर पूछताछ की। तब उसने बताया कि मां मंदिर के पास घायल अवस्था में मिली थी। भतीजे रामू ने सबसे पहले देखा और सूचना दी। डॉक्टरों के हत्या का संदेह जताने पर बेटा भैय्यू बार-बार बयान बदल रहा है। बाद में उसने कहा कि रात में मां के गिरने की आवाज आई थी। उसे ज्यादा जानकारी नही है। इसके बाद पुलिस ने सभी बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी थी।

# एयर ने घटाई फ्लाइट्स

## इंदौर से दिल्ली, मुंबई और ग्वालियर के लिए नहीं मिल रहे यात्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर से दिल्ली, मुंबई और ग्वालियर के लिए फ्लाइटों का संचालन करने वाली एलायंस एयर ने इंदौर में फ्लाइट की संख्या कम कर दी है। बताया जा रहा है कि कंपनी यह निर्णय यात्रियों की कमी के कारण लिया है। कंपनी द्वारा पिछले साल विंटर शेड्यूल में इंदौर से मुंबई के बीच सप्ताह में तीन दिन उड़ानें शुरू की थीं।

यह उड़ानें सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को संचालित होती थीं, लेकिन अब कंपनी ने इन्हें सिर्फ सोमवार और शनिवार को चलाने का निर्णय लिया है। कंपनी की ग्वालियर उड़ान जो सप्ताह में चार दिन संचालित होती थी, उसे 17 अगस्त तक के लिए बंद कर दिया गया है। 18 अगस्त से यह उड़ान सप्ताह में दो दिन रविवार और बुधवार को संचालित होगी। इसी तरह दिल्ली की उड़ान को भी सप्ताह में एक दिन कर दिया है। एयरपोर्ट अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कंपनी की उड़ानें लगातार लेट चलती हैं, जिसके कारण यात्री इसमें सफर करने से बचते हैं। ऐसे में पिछले कुछ समय से लगातार कंपनी को पर्याप्त यात्री नहीं मिल पा रहे थे, जिसके चलते कई बार कंपनी ने अपनी उड़ानों को निरस्त भी किया। यात्रियों का घटता रिस्पांस देखते हुए अब कंपनी ने अपनी उड़ानों के फेरे कम कर दिए हैं।

# सूर्य उर्जा अवधि में बिजली खपत पर मिली 45लाख रुपए की छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेशानुसार पश्चिम क्षेत्र विद्युत् वितरण कंपनी ने पहली बार निम्नदाब श्रेणी के गैर घरेलु उपभोक्ताओं के लिए भी टाइम ऑफ द डे (टीओडी) बिलिंग व्यवस्था लागू की है। जून माह की बिलिंग में मालवा-निमाड़ के उपभोक्ताओं को लगभग 45 लाख रुपए की अंतर राशि का भुगतान किया गया है। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि सूर्य उर्जा उत्पादन अवधि (सोलर टाइम) में बिजली की अधिक खपत को प्रोत्साहन देने के लिए गैर घरेलु, गैर कृषि क्षेत्र में टीओडी व्यवस्था लागू है। इसमें सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खपत पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाती है, वहीं सुबह 6 बजे से सुबह 9 बजे तक और शाम को 5 बजे से रात 10 बजे तक 20 प्रतिशत सरचार्ज लिया जाता है। जून माह में इंदौर शहर सहित मालवा-निमाड़ के टीओडी प्रभावित 35400 हजार बिजली उपभोक्ताओं को 5 करोड़ 40 लाख रूपए की छूट दी गयी है, वहीं पीक अवर्स में खपत पर लगभग 4 करोड़ 95 लाख रूपए का सरचार्ज लगाया गया है। इस तरह टीओडी लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को लगभग 45 लाख रुपए की प्रोत्साहन अंतर राशि का भुगतान किया गया है।

# 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह महेश गार्ड लाइन स्थित आरएपीटीसी मैदान में होगा

### समारोह की तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में गरिमा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूर्ण गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इस दिन मुख्य समारोह महेश गार्ड लाइन स्थित आरएपीटीसी मैदान में आयोजित होगा। समारोह की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर आशीष सिंह ने आयोजन की सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।



कलेक्टर श्री सिंह ने समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, श्री रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर और श्री राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने 15 अगस्त को जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महेश गार्ड लाइन में आयोजित होने वाले समारोह के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। इस अवसर पर बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन राज्य शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशांनुसार होगा। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि इस वर्ष भी समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में सभी अधिकारी/कर्मचारी भी अनिवार्य रूप से शामिल हो। सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में अनिवार्य रूप से ध्वजारोहण किया जाये। ध्वजारोहण का कार्यक्रम ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक आयोजित किया जायेगा। उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं, प्रमुख भवनों, चौराहों आदि स्थानों पर विद्युत साज-सज्जा करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा समारोह में वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों और संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाये। यह पुरस्कार वास्तविक हकदार को मिले यह सुनिश्चित किया जाये। इसके लिये 12 अगस्त तक प्रस्ताव आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये। बताया गया कि समारोह की तैयारियों का पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को सुबह 9 बजे होगा।

# चार गांव से निकलेगा वेस्टर्न रिंग रोड का 8 किलोमीटर हिस्सा, आठ हेक्टेयर जमीन होगी अधिग्रहित

### बाइपास महू के एबी रोड से शुरू होकर शिप्रा के समीप पूर्वी बाइपास से जुड़ जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के पश्चिमी रिंग बाइपास को बनाने की कवायद तेज हो गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने गुरुवार को छह लेन मार्ग के लिए जमीन अधिगृहण की अधिसूचना जारी की है। बाइपास 64 किलोमीटर लंबाई में बनेगा। पहले चरण में महू से हातोद तक के हिस्से में काम होगा।

फिलहाल आठ किलोमीटर हिस्से की जमीन पहले चरण में ली जा रही है। बाइपास का आठ किलोमीटर हिस्सा देपालपुर तहसील के किशनपुरा,ललेंडीपुरा, बेटर्मा खुर्द और मोहना गांव से होकर गुजरेगा। चारों गांवों की 8.1257 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता सडक़ बनाने के लिए लगेगी। इसमें से 13 जगहों पर सरकारी जमीन है, जबकि 43 निजी जमीनों का अधिगृहण होगा।बाइपास के लिए 19 गांवों की 400 एकड़ जमीन सडक़ निर्माण के लिए लगेगी। इसके बनने से आगर-मुंबई राजमार्ग के वाहन, इंदौर अहमदाबाद, इंदौर नागपुर हाइवे, इंदौर चित्तौडग़ढ़ हाइवे की तरफ जा सकेंगे। एनएचएआई इसे दो हिस्सों में बनाएगा। अभी महू से हातोद तक के 34 किलोमीटर हिस्से में काम शुरू होगा। बाइपास महू के एबी रोड से शुरू होकर शिप्रा के समीप पूर्वी बाइपास से जुड़ जाएगा।

इसके बनने से शहर में बाइपास की रिंग तैयार हो जाएगी। इंदौर में 24 साल पहले पूर्वी बाइपास बना था। इस प्रोजेक्ट पर डेढ़ हजार करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। इस बाइपास को पीथमपुर से भी कनेक्ट किया जाएगा। इस बाइपास में चार बड़े ब्रिज और 15 से ज्यादा छोटे ब्रिज बनेंगे। तीन साल में इसका काम पूरा होगा। एनएचएआई इस बायपास पर टोल भी वसूलेगा।

# हर विधानसभा के लिए एक शव वाहन की व्यवस्था

## 200 रुपए में नगर निगम उपलब्ध कराएगा शव वाहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर के नागरिकों को आवश्यकता पडऩे पर अब इंदौर नगर निगम के द्वारा मात्र 200 रु. में शव वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। इस बारे में निगम परिषद की बैठक में प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया है। अब इसका संचालन शुरू किया जाएगा।

शहर के नागरिकों को अपने घर में हुई मौत के बाद मृत व्यक्ति की देह को घर से श्मशान घाट दूर होने के कारण शव वाहन की मदद लेना पड़ती है। अभी शहर में बहुत सारे सामाजिक संगठनों और कुछ अस्पतालों के द्वारा शव वाहन चलाए जा रहे हैं । इसमें से कुछ का संचालन ता निशुल्क हो रहा है लेकिन अस्पतालों के द्वारा व्यावसायिक रूप से चलाए जा रहे हैं, उनके द्वारा इस कार्य के लिए हजारों रुपए की मांग संबंधित परिवार से की जाती है।



### सीएम ने किया था वाहन का लोकार्पण

ऐसे में शहर के नागरिकों को अभी भी शव वाहन की आवश्यकता महसूस हो रही है। नगर निगम के द्वारा पिछले दिनों अपनी वर्कशॉप में 6 मोक्ष रथ के रूप में शव वाहन तैयार करवाए गए। इन वाहन का मुख्यमंत्री के द्वारा डिजिटल लोकार्पण भी किया जा चुका है। अभी इनका संचालन शुरू होना शेष था। अभी तक संचालन इसलिए शुरू नहीं हो पा रहा था कि इसके लिए निगम के द्वारा नीति को मंजूरी देने का काम नहीं हो सका था।

### हर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक शव वाहन

हाल ही में हुई निगम परिषद की बैठक में कार्य सूची में शामिल इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। अब नगर निगम के द्वारा नागरिकों को 200 रु. में शव वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। हर विधानसभा क्षेत्र को एक शव वाहन अलग से आवंटित किया जा रहा है। मोक्ष रथ के नाम से यह शव वाहन नागरिकों की मदद करेगा। कल नीति का मंजूरी मिलने के साथ ही इस वाहन के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। अब जल्द ही नगर निगम के द्वारा नागरिकों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# मोहन सरकार में सोनोग्राफी के लिए बहने परेशान

## पिछले 1 साल से नहीं हो रही गर्भवती माता बहनों की सोनोग्राफी

◆ कलेक्टर आशीष सिंह भी नहीं दे रहे ध्यान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर।** उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जैसे संवेदनशील व्यक्तित्व के पास स्वास्थ्य विभाग की कमान होने के बाद भी देपालपुर का शासकीय अस्पताल अनदेखी का शिकार हो रहा है। लगभग 65 गांव का तहसील मुख्यालय होने के बाद भी देपालपुर के शासकीय अस्पताल की हालत नहीं सुधर रही है पिछले एक डेढ़ साल से देपालपुर के शासकीय अस्पताल में लाखों रुपए की सोनोग्राफी मशीन होने के बावजूद रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में गर्भवती बहनों की सोनोग्राफी नहीं हो रही है सोनोग्राफी सेंटर के लिए सरकार ने 6 महीने के लिए सरकारी डॉक्टर की ट्रेनिंग करवाई थी। सरकार न ट्रेनिंग करने वाले डॉक्टर से सोनोग्राफी करवा रही है न ही रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था कर रही है






रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में आम जनता को ग्रामीण क्षेत्र में सोनोग्राफी के लिए निजी क्षेत्र पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब केवल विधायक मनोज पटेल और सांसद शंकर लालवानी पर भरोसा है कि दोनों नेता सरकारी अस्पताल के लिए कुछ करेंगे ! विधायक पटेल विधानसभा में इस विषय प्रश्न उठा सकते हैं और सांसद लालवानी संसद में आवाज बुलंद कर सकते हैं।

**इनका कहना है :-**

दो सोनोलॉजिस्ट रिटायर हो चुके हैं सोनोलॉजिस्ट का कमी है प्राइवेट रूप से व्यवस्था करते हैं।

**-भूरेसिंह सेतिया सीएमएचओ इंदौर**

देपालपुर विधायक मनोज पटेल एवं सांसद शंकर लालवानी को इस विषय में अवगत करवाएंगे और जल्द समस्या का समाधान करवाएंगे।

**-वीरेंद्र आंजना भाजपा प्रभारी विधानसभा देपालपुर**

देपालपुर के सरकारी अस्पताल में पिछले डेढ़ साल से सोनोग्राफी नहीं होना बहुत ही गंभीर विषय हैं सरकार और कलेक्टर को रेडियोलॉजिस्ट को बुलाकर गर्भवती माता बहनों की सोनोग्राफी सरकारी अस्पताल में शुरू करना चाहिए। कई गरीब वर्ग की बहने निजी रूप से सोनोग्राफी करने में असमर्थ रहती है हम जिला प्रशासन के अधिकारियों को चेतावनी भी देते हैं कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सोनोग्राफी मशीन चालू करवाएँ अन्यथा उग्र आंदोलन के जिम्मेदार स्वयं होंगे।

**मोतीसिंह पटेल**
**कांग्रेस प्रभारी विधानसभा देपालपुर**

देपालपुर के शासकीय अस्पताल में पिछले एक ढाई साल से सोनोग्राफी नहीं हो रही है यहां विषय मेरे संज्ञान में लाया गया है मेरा प्रयास है कि शीघ्र अतिशीघ्र अधिकारियों से बात करके सोनोग्राफी होने की सुविधा शुरू हो जाएगी।

**-चिंटू वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष इंदौर**

# बदमाश पकड़ाया लेपटॉप-मोबाइल हुए बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 9 अपराधों से लदे बदमाश को खजराना पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से लैपटॉप, मोबाइल जब्त किए हैं। बदमाश ने कुछ दिन पहले घर में घुसकर यह उपकरण चुराए थे। पुलिस को फरियादी रोहन पिता रणजीत कश्यपा निवासी स्कीम नंबर 94 ने बताया कि 3 अगस्त को रात 12.30 बजे एचपी कंपनी का लैपटाप, दो मोबाइल टेबल पर रखकर सो गया था। सुबह जब उठा तो दरवाजा खुला था। टेबल पर रखा लैपटॉप और मोबाइल गायब था। मामले में खजराना पुलिस ने अज्ञात बदमाश पर चोरी का केस दर्ज किया था। आरोपी को पकड़ने टीम गठित करने के साथ ही मुखबीर तंत्र सक्रिय किए थे। घटना स्थल के आसपास लगे 300 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी चेक किए। फुटेज में आए हुलिए के आधार पर हाशिम अली पिता राजा अजर अली निवासी लंगरखाना के पास नाहरशाह वली दरगाह खजराना को पकड़ा। आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है। लत पूरी करने चोरी की वारदात करता है। खजराना थाने में आरोपी पर चोरी, मारपीट और हथियार रखने के मामले दर्ज हैं। आरोपी से अन्य वारदातों को लेकर कड़ी पूछताछ की जा रही है।

### मंत्री विजयवर्गीय ने कहा-बिगड़ा ट्रैफिक शहर के चेहरे पर बदनुमा दाग

# इंदौर ट्रैफिक में नंबर वन होना चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर को ट्रैफिक में नंबर वन बनाने के अभियान की शुरुआत सोमवार से की गई। इस दौरान ट्रैफिक मित्रों का सम्मान किया गया। इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर को हम विकसित होते देख रहे है। हम सफाई और हरियाली में नंबर वन हो चुके है, लेकिन बिगड़ा ट्रैफिक हमारे शहर का बदनुमा दाग है, इसे सालभर में मिटाना है।

निगम परिषद के दो साल पूरे हुए। जब तीन साल पूरे हो, तो इंदौर ट्रैफिक में नंबर वन होना चाहिए।इंदौर की प्रगति की राह में सभी की सहभागिता



महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इंदौर में जनसंख्या के आधार पर सबसे ज्यादा वाहन है। सप्ताह में एक दिन कार वालों को सायकिल चलाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पहले गरीब लोग सायकिल चलाते थे, लेकिन अब अमीर लोग सेहत ठीक रखने के लिए सायकिल चलाते है। इससे ट्रैफिक भी सुधरेगा और सेहत भी ठीक होगी। विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर में नशे के खिलाफ अभियान चलाना चाहिए।इंदौर नशा मुक्त होना चाहिए,ताकि युवा नशे से दूर रहे। मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर के ट्रैफिक को लेकर जो नकारात्मक मानसिकता है, पहले हमें उससे बाहर निकलना होगा। इंदौर को ट्रैफिक में नंबर वन मान कर अभियान से जुड़े, ट्रैफिक के नियमों का पालन करें। ट्रैफिक में खुद सुधार नजर आने लगेगा। मेयर ने कहा कि प्रवासी सम्मेलन के दौरान सप्ताहभर तक शहर के किसी भी चौराहे पर जाम नही लगा। पौधारोपण अभियान के समय भी ट्रैफिक जाम नही हुआ। इंदौर सुगम ट्रैफिक में नंबर वन होगा। इंदौर में ट्रैफिक सुधार के संसाधन की व्यवस्था नगर निगम लगातार कर रहा है। पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने कहा कि इंदौर ने जो कुछ ठाना वो करके दिखाया। सफाई,हरियाली में हम नंबर वन बन गए, अब ट्रैफिक की बारी है। इंदौर में ट्रैफिक की रोटरी को लेकर लगता है कि रोटरी मूर्तियों को लगाने के लिए लगाई जाती है, लेकिन यह ट्रैफिक को सुचारू बनाने के लिए होती है। वहां भी नियमों का पालन करना चाहिए।

# पुराने चोर से मिली तीन मोटरसाइकल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुराना चोर अपने साथियों के साथ बाइक चुराकर उसे नाबालिग को देता था। नाबालिग चोरी की बाइक सुरक्षित स्थान पर छोड़ आता था। चोर ने तुकोगंज, गांधीनगर और बाणगंगा थाना क्षेत्र में वारदात की थी। तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि कई दिनों से बाइक चोरी की वारदातें होने की जानकारी मिल रही थी। घटनाओं को रोकने आपरेशन ग्राउंड पुलिसिंग अभियान शुरू किया गया था। अभियान के तहत व्यावसायिक क्षेत्रों, मॉल के पार्किंग, सिल्वर मॉल, 56 दुकान व अन्य क्षेत्रों में पुलिस टीम ने भ्रमण किया। 56 दुकान और शैल्बी अस्पताल पर आने वाले लोग निर्धारित पार्किंग की व्यवस्था न होने पर आसपास वाहन पार्क करते हैं। पुलिस को यह भी पता चला था कि तुकोगंज थाना क्षेत्र का पुराना चोर शुभम पिता मदन कोरी निवासी मुराई मोहल्ला छावनी दो-तीन दिन से क्षेत्र में घुम रहा है। आशंका है उसने कोई बाइक चुराई है। पुलिस ने उसे पकड़ने के कई प्रयास किए। इसी बीच, मुखबीर से सूचना मिली कि वह मुराई मोहल्ला में है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर बाइक चुराता था।

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, आवासों में लगाए दो कैमरे

## अपराध रोकने पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बढ़ते अपराधों को रोकने पुलिस लगातार सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर फोकस कर रही है। प्रत्येक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और आवासों के बाहर दो कैमरे लगाने की एडवाइजरी जारी की है। कैमरे लगने से काफी हद तक अपराधों पर न सिर्फ अंकुश लगेगा, बल्कि अपराध कारित होने पर बदमाशों को पकड़ने में भी पुलिस को मदद मिलेगी। शहर में रोजाना मोबाइल, मंगलसूत्र और नकदी लूट की घटनाएं होती है। चोरी, नकबजनी और मारपीट की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही है। अधिकांश मामलों में आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की मदद मिल रही है। खासकर, प्रमुख चौराहों पर लगे कैमरे से पुलिस को अपराधियों की लोकेशन ट्रेस हो जाती है। गलियों, बस्तियों में अपराध होने पर कई बार बदमाश को पकड़ने में पुलिस को मशक्कत करना पड़ती है। वारदात रोकने कैमरे लगाए जाना चाहिए। कैमरे उच्च गुणवत्ता के हों, 15 दिन का स्टोरेज रखा जाए,कैमरों का मुंह सडक की ओर रखें, नाइट विजन बेहतर हो, पावर सप्लाय को इनवर्टर से जोड़ा जाए, ताकि बिजली नहीं होने पर बैकअप रहे। कैमरे चमकदार की बजाए रिकार्डिंग वाले हों।

### कम बारिश के बावजूद बढ़ने लगा तालाबों का जलस्तर

**इंदौर।** गर्मी के मौसम में तपन ने तालाबों के प्राण सुखा दिए थे। इंदौर का छोटा तो क्या बड़ा बिलावली तालाब भी गर्मी के चलते बिलबिला उठा था। अन्य छोटे-बड़े तालाब भी रीत चले थे और उनका कंठ, उनकी कोख सूख गई थी। फिर मौसम बदला और आसमान में बदरा छाए। बादलों ने बूंदें बरसाईं और धरती की आत्मा को हरा-भरा कर दिया। धरती ने जुलाई में जी-भरकर पानी पिया और शेष पानी बहकर तालाबों में आ गया। अब अगस्त आ गया है और धरती की सूखी कोख में खूब आब (पानी) आ गया है। इंदौर में अब तक हुई 378 मिमी बारिश का सकारात्मक असर शहर के तालाबों की सेहत पर नजर आने लगा है। अच्छी बात यह है कि कम बारिश के बावजूद शहर के तालाबों के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसकी वजह है कि इंदौर के आसपास के क्षेत्र महू, देपालपुर, गौतमपुरा की ओर अच्छी बारिश हुई है।

# रतलाम, धार, इंदौर में वाहन चुराने वाले दो बदमाश पकड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परदेशीपुरा पुलिस ने दो ऐसे युवकों को पकड़ा है, जो रतलाम, धार, इंदौर के कई थाना क्षेत्रों से बाइक चुराते थे। चोरी की बाइक नंदानगर के समीप डॉक्टर कालोनी में सुरक्षित रखते थे। उनके पास से 5 बाइक बरामद की है। वारदात को दौरान पहचान छुपाने बदमाश नकाब पहनते थे। टीआई पंकज द्विवेदी ने बताया कि वाहन चोरी रोकने लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एमआर 4 ब्रिज के नीचे चेकिंग अभियान चल रहा था, तभी बाइक और स्कूटर से जा रहे दो युवकों को पकड़ा। युवकों से वाहन के दस्तावेज मांगे तो वे पुलिस को बरगलाने लगे। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों युवकों ने विजयनगर, पलासिया से बाइक-स्कूटर चोरी करना कबूला। मामले में आशीष गोस्वामी निवासी चाचोड़ा जिला गुना हाल निवासी महालक्ष्मीनगर तथा राहुल माली निवासी चाचोड़ा जिला गुना हाल मुकाम निवासी महालक्ष्मी नगर को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने हीरानगर थाना क्षेत्र में भी वारदात करना कबूला। आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# केंद्रीय मंत्री का पीए बताकर कराता था ट्रांसफर

## पकड़ाया आरोपी; दो टीआई के तबादले के लिए डीजीपी को भेजे मैसेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। केंद्रीय मंत्रियों के पीए के नाम से ट्रांसफर कराने का झांसा देकर फ्रॉड करने वाले जालसाज को ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने सोमवार को गिरफ्तार किया है।**

आरोपी का नाम पुष्पेंद्र दीक्षित (शर्मा) है। वह केंद्रीय मंत्रियों के साथ धार्मिक वेशभूषा में फोटो खिंचाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करता था। लोग इसके झांसे में आ जाते थे।

आरोपी ने जुलाई 2024 में शिवपुरी और गुना के दो टीआई विनय यादव, पंकज त्यागी को भिंड और ग्वालियर ट्रांसफर कराने के लिए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का पीए जयकिशन बनकर डीजीपी मध्यप्रदेश और विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) को मैसेज किए थे। जिस सिम नंबर से मैसेज किए, वह गलत तरीके से मंत्री के पीए के नाम से इश्यू कराई थी।

उस समय मामले का खुलासा होने के बाद से ही इस फ्रॉड की पुलिस को तलाश थी। पुलिस को सोमवार को आरोपी के अपने गांव ऊदलपाटा टेकनपुर (डबरा) में होने का पता लगा तो घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। फ्रॉड से ट्रांसफर कराने के लिए संपर्क करने वाले दोनों टीआई को पुलिस महानिदेशक ने सस्पेंड कर दिया था।

### डीजीपी ने भांप लिया था उन्हें मिला मैसेज सही नहीं

आईजी ग्वालियर रेंज अरविंद सक्सेना ने बताया- आरोपी के भेजे मैसेज की भाषा से डीजीपी को समझ आ गया था कि यह मैसेज सही नहीं हैं। उन्होंने आईजी ग्वालियर को ये मैसेज भेजकर इसकी सत्यता का पता लगाने के लिए कहा था। क्राइम ब्रांच ने पूरी कहानी का पता लगाया तो खुलासा हुआ कि यह नंबर तो केंद्रीय मंत्री के पीए का है ही नहीं।

### आरोपी ने ट्रांसफर का फॉलोअप भी मांगा था

आरोपी पुष्पेंद्र दीक्षित पुत्र प्रमोद शर्मा निवासी ऊदलपाड़ा चिरपुरा डबरा ने पुलिस महानिदेशक, विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) मध्यप्रदेश को भी केंद्रीय मंत्री सिंह के निजी सचिव जयकिशन बनकर मैसेज भेजे थे। सिम कूटरचित दस्तावेज से ली गई थी। निरीक्षक स्तर के अधिकारी विनय यादव की पदस्थापना शिवपुरी से भिंड, पंकज त्यागी की पदस्थापना गुना से ग्वालियर करने के मैसेज भेजे थे। उसने केंद्रीय मंत्री के नाम का हवाला देकर खुद को उनका निज सचिव बताकर इन दोनों निरीक्षकों के ट्रांसफर का फॉलोअप भी मांगा था।

### 2017 में BSF जवानों के ट्रांसफर कराए थे

शातिर आरोपी पुष्पेंद्र के खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज हुआ है। पूर्व में भी दिसंबर 2016 में इसने केंद्रीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के विदेश मंत्रालय (External affairs) के कार्यालय के जरिए अर्द्धशासकीय पत्र भेजकर महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल कार्यालय नई दिल्ली के बीएसएफ के कर्मचारियों के ट्रांसफर के लिए पत्र प्रेषित किया था, जो कूटरचित होना पाया गया था। इसके बाद दक्षिण दिल्ली के लोधी कॉलोनी थाना पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में भी यह फरार था।

### आठ अगस्त तक रिमांड पर

एसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी पुष्पेंद्र को पुलिस ने 8 अगस्त तक रिमांड पर लिया है। आरोपी के पास से 5 मोबाइल, 1 लाख रुपए नकद, कई आधार कार्ड और अन्य विभागों के लिए बनाए गए पत्र, दस्तावेज जब्त किए गए है।

# इटारसी में मालगाड़ी ड्रिलमेंट होने 5 घंटे रुका रहा यातायात

## भुसावल और नागपुर रूट की कई ट्रेनें हुईं प्रभावित, डेढ़ किलोमीटर तक स्लीपाट पर चली बैगन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नर्मदापुरम । मप्र के सबसे बड़े इटारसी रेलवे जंक्शन के भुसावल नागपुर आउटर माल गोदाम के पास सोमवार रात को मालगाड़ी के चार पहिए बेपटरी हो गए। गाड़ी के ड्रिलमेंट होने से भुसावल और नागपुर आने जाने वाला रूट बंद हो गया। कई ट्रेनों के पहिए थम गए।

सूचना मिलते ही रात 10.45 बजे रेलवे के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। सुधार कार्य शुरू किया। ड्रिलमेंट होने भुसावल और नागपुर दोनों ओर से न गाड़ी आ रही थी और न जा रही थी।

### पटरी से उतरा पहिया डेढ़ किलोमीटर दौड़ा

आमला से भोपाल की ओर जा रही मालगाड़ी एक बैगन का पहिया पटरी उतर गया। किसी भी रेल कर्मचारी की मालगाड़ी की इस बैगन पर नजर नहीं गई। ये बैगन करीब डेढ़ किलोमीटर तक रेलवे ट्रैक पर लगे स्लीपाट चलता रहा। जिससे स्लीपट क्षतिग्रस्त हो गए। रेलवे माल गोदाम तक मालगाड़ी के आ जाने के बाद इसे रोका गया।

### पांच घंटे में सुधरा ट्रैक

ऐसे में इन ट्रेनों को इटारसी, किरतपुर, सहेली, केसला, डोललिया, बानापुरा, धरमकुंडी समेत अन्य स्टेशनों पर खड़े कराया गया। कुछ मेल, सुपर एक्सप्रेस और एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित हुईं। ट्रैक को सही तरह से चालू होने में 5 घंटे का वक्त लगा। हालांकि सबसे पहले रात 12बजे नागपुर की ओर जाने वाले ट्रैक को चालू कर दिया गया था।

मालगाड़ी नागपुर साइड से साईबीसीएन भोपाल तरफ जा रही थी। इटारसी में मालगोदाम के समीप खम्भा नंबर 744/18 के पास मालगाड़ी के दो डिब्बे के पहिए पटरी से उतर गए।

### रात 3.30बजे भुसावल ट्रैक हुआ चालू

ड्रिलमेंट के कारण नागपुर और भुसावल आने जाने वाला ट्रैक बंद हो गया। रात 12 बजे आमला बैतूल जाने वाला अप ट्रैक चालू हुआ। 1.30 बजे खंडवा भुसावल जाने वाला अप ट्रैक, 3 बजे नागपुर आमला डाउन ट्रैक और सबसे आखिरी में 3.30 बजे भुसावल खंडवा की ओर से आने वाली डाउन ट्रैक पर ट्रेनें आना शुरू हुई।

### एक घंटे की मशक्कत के बाद बोगी को हटाया

रेलवे अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। मालगाड़ी के डिब्बे को वापस ट्रैक पर लाया गया। 1 घंटे तक डिब्बे को रेलवे ट्रैक पर लाने रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों को मशक्कत करना पड़ी। मालगाड़ी के एक डिब्बे को ट्रेन से अलग कर बाद में उसे रिपेयर के लिए भेजा गया है।

# नायब तहसीलदार ने जेल में मांगा पसंद का खाना

## कहा- अल्सर पेशेंट हूं, भर्ती करा दो; पत्नी के सुसाइड केस में दिल्ली से किया है गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। जनसंपर्क विभाग में असिस्टेंट डायरेक्टर और पंचायत व ग्रामीण विकास की पीआरओ पूजा थापक के सुसाइड केस में आरोपी पति नायब तहसीलदार निखिल दुबे को पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। वह अपने एक दोस्त के घर छिपा था। रविवार को टीम उसे भोपाल ले आई। शाम को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसे विचाराधीन बंदी वार्ड खंड 'अ' में रखा गया। जहां उसने पूरी रात करवटें बदलते हुए गुजारी।**

सोमवार सुबह जेल में राउंड पर पहुंचे एक वरिष्ठ अधिकारी ने नए आमद वाले बंदियों से बात की। इसी दौरान निखिल से भी बात की गई। उसने अधिकारी के सामने दो मांगे रखी। पहली जेल में कम तेल और कम मिर्च मसालों वाला खाना दिया जाए। दूसरी मांग में उसने खुद को अल्सर पेशेंट बताया, और जेल के अस्पताल वार्ड में भर्ती कराने का कहा। हालांकि, इन मांगों को खारिज कर दिया गया, और उसे जेल में जरूरत अनुसार इलाज देने की बात अधिकारी ने कही है।

बता दें, पूजा थापक ने 9 जुलाई को घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। भोपाल की गोविंदपुरा पुलिस ने जांच के बाद 16 जुलाई को दहेज मृत्यु, खुदकुशी के लिए मजबूर करने और प्रताड़ित करने की धाराओं में केस दर्ज किया था। तब से आरोपी निखिल दुबे और उसकी मां आशा दुबे फरार चल रहे थे।

### दो साल पहले हुई थी निखिल-पूजा की शादी

ग्वालियर निवासी पूजा थापक की शादी साल 2022 में भोपाल के साकेत नगर में रहने वाले निखिल दुबे से हुई थी। निखिल अरेरा हिल्स स्थित सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग में सहायक संचालक है। दोनों का एक साल का बेटा है।

### कॉल कर कहा था- बेटी को बचा लो

9 जुलाई को फांसी लगाने से पहले पूजा ने अपनी मां को कॉल कर कहा था, 'मां, फिर से लड़ाई-झगड़े होने लगे हैं। अब मुझसे बर्दाश्त नहीं होता। मैं मर रही हूं।' फोन कट होते ही पूजा की मां घबरा गईं। उन्होंने दामाद निखिल दुबे को घटना की जानकारी दी। निखिल बेडरूम में पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था।

### प्लाट की मांग करता था आरोपी पति

पूजा के मायके वालों ने पुलिस को दिए बयानों में बताया है कि शादी के समय 40-45 लाख रुपए खर्च किए थे। बेटी के पति और सास की मांग पर इंदौर में एक फ्लैट भी दिलाया था। उन्होंने नकद साढ़े सात लाख रुपए भी ले लिए थे। इसके बाद भी भोपाल में एक बड़ा और महंगा प्लाट दिलाने की मांग कर रहे थे। विवाद बढ़ने पर एक बार पति-पत्नी की काउंसिलिंग भी कराई जा चुकी थी।

# दीवार गिरने के डर से स्कूल को शिफ्ट किया

## हालत इतनी जर्जर कि कभी भी हो सकता था बड़ा हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। बीते दो दिनों से मध्य प्रदेश में दीवार गिरने से हुई बच्चों की मौत से अब बच्चों के अभिभावकों को चिंता में डाल दिया है। उज्जैन में भी एक ऐसा ही स्कूल संचालित हो रहा था। प्रदेश में हुए हादसों से सबक लेते हुए प्राथमिक स्कूल को शिफ्ट कर दिया गया। उज्जैन के मध्य योगेश्वरी टेकरी पर संचालित होने वाले शासकीय प्राथमिक विद्यालय में तीन कमरो में संचालित हो रहा था। जिसमें से एक में किचन और दो कमरे में क्लास लग रही थी इन में से भी एक कमरे की हालत तो ऐसी है कि दीवार कभी भी गिर जाए। स्कूल की बिल्डिंग ही जर्जर हालत में है। स्कूल की दीवार गिरने के डर से कई अभिभावकों ने अपने बच्चों यहां से निकाल लिया है। यहां सिर्फ तीन बच्चे ही बचे हैं। शिक्षा विभाग के बीआरसी संजय शर्मा ने बताया कि स्कूल की दीवार गिरने के डर से शिक्षा विभाग ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय योगेश्वरी टेकरी को जीवाजीगंज स्कूल में शिफ्ट कर दिया है और शिक्षिका को एक घंटे एडमिशन लिए बैठने का आदेश दिया गया है। हालत ये है कि तीन बच्चों को पढ़ाने वाली एक मात्र महिला शिक्षिका विनीता शर्मा भी डर के साए में बच्चों को पढ़ा रही थी। स्कूल में वॉशरूम तक जर्जर होने के कारण शिक्षिका बच्चों को टॉयलेट तक में नहीं भेजती थी।

# चीता गामिनी के एक और शावक की मौत

## रीढ़ की हड्डी में फ्रेक्चर था; कूनो में अब तक 7 चीते और 5 शावकों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता गामिनी के एक और शावक की मौत हो गई। रीढ़ की हड्डी में फ्रेक्चर होने की वजह से शावक गंभीर रूप से घायल हो गया था। 7 दिन चले इलाज के बाद सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। कूनो में अब 13 चीते और 12 शावक ही बचे है।**

कूनो नेशनल पार्क के अधिकारियों ने शावक के मौत की पुष्टि की। मादा चीता गामिनी अपने पांच शावकों को साथ कूनो के बाड़े में रह रही थी।

29 जुलाई को वन विभाग का मैदानी अमला जब गश्त करने के लिए गामिनी के पास पहुंचा तो 5 में से 4 शावक तो स्वस्थ मिले, लेकिन एक ठीक से उठ नहीं पा रहा था। कुछ देर बाद वह दो पैरों पर चलने लगा लेकिन, उसका पिछला हिस्सा जमीन पर घसीटते हुए वह आगे बढ़ रहा था। जिसे तत्काल रेस्क्यू करके उपचार शुरू कर दिया गया था।

### 2 महीने पहले भी हुई थी गामिनी के शावक की मौत

चीता गामिनी ने 10 मार्च 2024 को 6 शावकों को जन्म दिया था। इनमें से 4 जून 2024 एक शावक की मौत हो गई थी। इसके बाद सोमवार 5 अगस्त को एक और शावक की मौत हो गई। कूनो में अब 13 चीते और 12 शावक रह गए हैं।

### कूनो में अब तक 7 चीते और 5 शावकों की मौत

कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया और दक्षिण अफ्रिका से लाए गए 20 चीतों में से अब तक 7 चीतों की मौत हो चुकी है। जबकि कूनो की धरती पर जन्म लेने वाले 17 शावकों में से अब तक 5 शावकों की मौत हो चुकी है। कूनो में अब कुल 25 चीते हैं। इनमें 13 चीते और 12 शावक हैं।

# संपादकीय

## सीमा पार नेटवर्क का हिस्सा

कई बार आतंकवादी संगठन घाटी में अपना जाल फैलाने और अक्सर हमले करने में कामयाब हो जाते हैं। जो तंत्र आतंकवाद मिटाने में लगा है, अगर उसके आंतरिक ढांचे में ही आतंकी संगठनों की घुसपैठ हो जाए, तो मुश्किलें बढ़ेंगी ही। इसलिए सरकार को अपने समूचे तंत्र में हर स्तर पर ऐसे तत्त्वों की पहचान करने की जरूरत है, जो किसी भी रूप में आतंकवादी संगठनों के लिए मददगार हो सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या बेहद जटिल हो चुकी है, तो इसका एक बड़ा कारण आतंकी संगठनों को कभी-कभार मिलने वाली स्थानीय मदद भी है। अगर आतंकवाद से लड़ने वाले तंत्र में ही कुछ लोग ऐसे हों, जो परोक्ष रूप से आतंकियों के मददगार हों, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे हालात पैदा हो सकते हैं। शनिवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने जिस तरह नार्को-आतंकवाद से कथित संबंधों के आरोप में पांच पुलिसकर्मियों सहित छह कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया, उससे रेखांकित होता है कि वहां आतंकवाद की समस्या अपने किस जटिल स्वरूप में मौजूद है। सरकार की ओर से कराई गई जांच में सामने आया कि जिन लोगों को सेवा से बर्खास्त किया गया है, वे पाकिस्तानी जासूसी एजंसी (आइएसआइ) और सीमा पार पाकिस्तान में सक्रिय आतंकवादी समूहों द्वारा संचालित नार्को-आतंकवाद का हिस्सा थे। सरकारी कार्रवाई की जद में आए पुलिसकर्मी और कर्मचारी मादक पदार्थों की बिक्री के जरिए आतंकवाद के वित्तपोषण में लिप्त पाए गए। दरअसल, कुछ मादक पदार्थों की खेती भारतीय क्षेत्र में नहीं की जाती, पर पिछले कुछ समय से जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद में इनका इस्तेमाल हथियार के तौर पर हो रहा है। भारत में इसकी तस्करी और खपत कई आतंकी नेटवर्कों के जरिए पाकिस्तान से होती है। आतंकी संगठन आमतौर पर युवाओं को अपने प्रभाव में लेते और मादक पदार्थों के जरिए उन्हें आतंकी जाल का हिस्सा बनाते हैं। ऐसे में स्थानीय समुदायों के बीच आतंकवादियों की घुसपैठ की समस्या में अगर खुद पुलिस महकमे के कोई अधिकारी या कर्मी हिस्सेदारी करने लगें तो इस समस्या की जटिलता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### अर्ज किया है..!

*हुस्न को हुस्न बनाने में*
*मिरा हाथ भी है*
*आप मुझ को नज़र-अंदाज़*
*नहीं कर सकते*

-रईस फ़रोग़

॥ राम ॥

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**दादा से गीता के 700 श्लोक में से 5 संकेत लिए मैंने -**

1. किसी से द्वेष नही
2. किसी से कोई आकांक्षा नही
3. सब कुछ छोड़ दो
4. शरणागति
5. कृष्ण ने अर्जुन से कहा बेटा पूरी दुनिया को कहना तू मुझे बहुत प्रिय है... 'प्रेम.......'

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### Health is Wealth

# चमकती त्वचा पाने के लिए बेस्ट है शहद, तीज पर ग्लोइंग फेस के लिए इन 5 तरीकों से लगाएं

तीज त्योहारों पर चेहरे को चमकाने के लिए अगर आप भी घंटों पार्लर में बिताती हैं तो ऐसा ना करके बस घर पर शहद से बने फेस पैक को लगा लें। ऐसा करने से चेहरा तुरंत चमक उठेगा। यहां जानिए किस तरह निखरी और चमकती त्वचा पाने के लिए शहद के फेस पैक्स बनाकर लगा सकते हैं।



### 1) शहद और दालचीनी से बनाएं फेस पैक

मुंहासों से निपटने के लिए और ग्लोइंग स्किन पाने के लिए इस आसान शहद फेस पैक को लगाएं। इसके लिए एक चौथाई चम्मच दालचीनी पाउडर में एक चम्मच शहद मिलाएं। फिर इस मिक्स को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट तक लगा रहने दें। अब इसे गर्म पानी और फेसवॉश से धो लें। बाद में चेहरे पर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।

### 2) शहद और चंदन से बनाएं फेस पैक

चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए शहद और चंदन पाउडर का फेस पैक बनाएं। इसे बनाने के लिए एक चम्मच शहद और चंदन पाउडर को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और फिर 15 से 20 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में इसे गर्म पानी और फेस क्लींजर से धो लें।

### 3) शहद और केसर से बनाएं फेस पैक

इस होममेड फेस पैक से चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए केसर के कुछ धागों को एक चम्मच शहद में लगभग 15 से 20 मिनट के लिए भिगोएं और फिर अच्छी तरह मिलाएं। अब इसे चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसे गर्म पानी और फेसवॉश से धो लें।

### 4) शहद और पपीता का फेस पैक

इस फेस मास्क को लगाकर आप अपनी स्किन को मुलायम, कोमल और चमकदार बना सकते हैं। इसके लिए बस एक चम्मच मसले हुए पपीते के गूदे में एक चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर 15 मिनट बाद इसे पोंछ लें और अपने चेहरे को पानी और फेसवॉश से धो लें।

### 5) शहद और दही से बनाएं फेस पैक

इस फेस पैक को लगाने से स्किन तुरंत चमकदार बनेगी। इसके अलावा त्वचा मुलायम और कोमल भी होगी। इसके लिए एक चम्मच शहद में एक चम्मच दही और एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। इस मिक्स को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। बाद में इसे धो लें।

Uttarpradesh

# काशी विश्वनाथ मंदिर के पास बड़ा हादसा, दो मकान ढहे, नौ लोग घायल, एक महिला की मौत; PM ने ली घटना की जानकारी

**वाराणसी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में बड़ा हादसा हुआ है। काशी विश्वनाथ मंदिर के पास काशी विश्वनाथ विशिष्ट परिक्षेत्र के येलो जोन में देर रात दो मकान ढह गए हैं। कई लोग मलबे में दब गए। उन्हें बचान के लिए एनडीआरएफ की टीम जुटी।

दर्दनाक हादसे में नौ लोग घायल हो गए। सभी को मंडलीय अस्पताल में भेजा गया गया है। एक महिला प्रेमलता की मौत हो गई है। हादसे के बाद मौके पर तकरीबन 500 पुलिसकर्मी हैं। गोदौलिया से मैदागिन वाले मार्ग को बंद कर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, वाराणसी के चौक थाना इलाके के खोआ गली चौराहे पर यह हादसा हुआ है। यहां 70



साल पुराने मकान अचानक धराशायी हो गए। बताया जा रहा है कि प्रसिद्ध जवाहिर साव कचौड़ी वाले के ऊपर स्थित राजेश गुप्ता और मनीष गुप्ता के इन मकानों के मलबे में नौ लोग दबे थे।

कई लोगों को मलबे से निकालकर अस्पताल भेजा गया है, जिसमें गंभीर रूप से घायल एक सिपाही भी शामिल है, जिसे कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा विश्वनाथ मंदिर में ड्यूटी पर तैनात एक महिला पुलिस कर्मी भी गंभीर रूप से घायल हुई है।

जानकारी के अनुसार, खोवा गली में दो मकान (28.7 और 28.6) गिरे हैं। 28.6 का मकान अशोक यादव का है। इसमें दो दुकानें हैं, माला-फूल और कचौड़ी की। 28.7 रमेश गुप्ता का मकान है।

Noida

## नोएडा के कॉलेज में स्टूडेंट करने लगे किसिंग और गंदी हरकत, वीडियो वायरल होने पर तलाश में लगी पुलिस



**नोएडा, (एजेंसी)** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक युवक और युवती का गंदी हरकत वाला आपत्तिजनक वीडियो तेजी से अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। करीब डेढ़ मिनट के इस वीडियो में युवक-युवती एक दूसरे को किस करने के साथ ही अश्लील हरकतें करते दिख रहे हैं। इस बीच किसी और ने उनकी यह हरकत अपने मोबाइल फोन में कैद रिकॉर्ड कर कर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होने के बाद नोएडा पुलिस वीडियो में दिख रहे युवक और युवती की पहचान करने में जुट गई है। यह वायरल वीडियो नोएडा सेक्टर-125 स्थित एक निजी विश्वविद्यालय परिसर का बताया जा रहा है।

नोएडा पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। वीडियो कहां का है कि पुलिस ने अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। वीडियो में दिख रहे युवक और युवती की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें युवक और युवती आपत्तिजनक स्थिति में हैं। वहीं एक कमरे के अंदर से कोई वीडियो बना रहा है।

हालांकि, वहीं कई सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि वायरल वीडियो काफी पुराना है और पहले भी वायरल हो चुका है। बता दें कि, लाइव हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

Maharashtra

## महाराष्ट्र के ठाणे में भीषण सड़क हादसा... भीमाशंकर दर्शन करने जा रहे कार सवार 3 की मौत 3 घायल

**ठाणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के ठाणे में एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए. मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. यह हादसा रविवार रात करीब 8.30 बजे टोकावड़े थाने के बोरांडे गांव में हुआ. जानकारी के मुताबिक, कार सवार कल्याण से भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने जा रहे थे. इस दौरान टोकावड़े में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. मृतकों की पहचान नरेंद्र म्हात्रे (34), प्रतीक चोरघे (30) और अश्विन भोईर (28) के रूप में हुई है. वहीं, घायलों की पहचान शिवाजी घाडगे (35), वैभव कुमावत (24) और अक्षय घाडगे (25) के रूप में हुई है. सभी ठाणे जिले के कल्याण तालुका के रहने वाले थे. पुलिस ने बताया कि कार में सवार सभी लोग रविवार रात कल्याण से भीमाशंकर मंदिर जाने के लिए अर्टिगा कार में सवार हुए थे. जब कार टोकावड़े पहुंची तो चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और कार एक पेड़ से टकरा गई. सभी कार में फंस गए.

Haryana

## गुरुग्राम में भिड़े कांवड़ियों के दो गुट, डीजे को लेकर था पुराना विवाद, 5 अरेस्ट

**गुरुग्राम, (एजेंसी)** हरियाणा के गुरुग्राम में डीजे को लेकर हुए पुराने विवाद को लेकर कांवड़ियों के दो ग्रुप आपस में भिड़ गए. दोनों पक्षों में हुई मारपीट और पथराव में छह लोग घायल हो गए. पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ की जा रही है.

पुलिस ने सोमवार को बताया कि प्रेम नगर कॉलोनी की झुग्गियों में रहने वाले अरुण, विक्की, नितिन, विकास और सुमित को रविवार रात गिरफ्तार कर लिया गया. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को जब कांवड़ियों का एक समूह मंदिर में जल चढ़ाकर लौट रहा था तो दूसरे समूह के कांवरियों ने उन पर हमला कर दिया.



इस हाथापाई में छह लोग घायल हो गए क्योंकि समूहों ने एक-दूसरे पर पथराव भी किया. पुलिस ने बताया कि झड़प में कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए.

झड़प की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को तितर-बितर किया. उन्होंने बताया कि बाद में इस मामले में थाना सेक्टर 14 एक प्राथमिकी (FIR) दर्ज की गई.

खेल

# भारतीय हॉकी टीम 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने से दो कदम दूर, सेमीफाइनल में जर्मनी की

**पेरिस, (एजेंसी)** ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद दमदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय हॉकी टीम का सामना मंगलवार को पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में जर्मनी से होगा। भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक मुकाबले में जर्मनी को हराया था। हालांकि टीम के लिए विश्व चैंपियन जर्मनी की चुनौती आसान नहीं रहेगी, लेकिन ओलंपिक में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने की राह पर उतरी भारतीय इस बाधा को पार करके टीम पीआर श्रीजेश को शानदार विदाई देने के अपने मिशन की अगला कदम रखेगी।

### भारत के पास पदक पक्का करने का अवसर

भारतीय टीम के लिए यह मुकाबला काफी अहम है। टोक्यो में टीम करीब आकर स्वर्ण से चूक गई थी, लेकिन इस बार हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम की कोशिश चैंपियन बनने की होगी। सेमीफाइनल जीतने पर भारत का रजत तो पक्का हो जाएगा जो आखिरी बार उसने 1960 में रोम में जीता था। भारत ने आठ ओलंपिक स्वर्ण में से आखिरी 1980 में मॉस्को में जीता था और अब पेरिस में उसके पास 44 साल बाद इतिहास




रचने का मौका है।

### फिर दीवार साबित हुए श्रीजेश

ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 10 खिलाड़ियों तक सिमटने के बावजूद भारतीय टीम ने जिस साहस और कौशल का प्रदर्शन करके मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक खींचा, वह काबिले तारीफ है। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक मैच में जर्मनी की पेनल्टी बचाकर भारत को 41 साल बाद पदक दिलाने वाले नायक श्रीजेश एक बार फिर जीत के सूत्रधार बने। उन्होंने शूटआउट में ब्रिटेन के दो शॉट बचाए और इससे पहले निर्धारित समय के भीतर भी ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और 10 पेनल्टी कॉर्नर बनाए, लेकिन महज एक सफलता मिली। श्रीजेश का यह आखिरी टूर्नामेंट है और उन्हें स्वर्ण पदक के साथ विदा करने का मिशन भारतीय टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा बना है। ब्रिटेन के खिलाफ भारत ने करीब 42 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेला क्योंकि अमित रोहिदास को रेडकार्ड दिखाया गया था। अब सेमीफाइनल में भी भारत को अपने नंबर एक फर्स्ट रशर के बिना ही खेलना होगा जिन पर एक मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। हॉकी इंडिया ने हालांकि इसके खिलाफ अपील की है। रोहिदास की गैर मौजूदगी भारत को पेनल्टी कॉर्नर में भी खलेगी क्योंकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाद वह भारत के ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ हैं। उनकी गैर मौजूदगी में अब हरमनप्रीत पर अतिरिक्त दबाव रहेगा जो शानदार फॉर्म में हैं और अब तक सात गोल कर चुके हैं।

**कैसा है दोनों का रिकॉर्ड?**- विश्व रैंकिंग और एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड को देखें तो मौजूदा विश्व चैंपियन और चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता जर्मनी और भारत में ज्यादा फर्क नहीं है। जर्मनी विश्व रैंकिंग में चौथे और भारत पांचवें स्थान पर है। क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना को हराने वाली जर्मनी का सामना भारत से टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक के मैच में हुआ था जिसमें भारत ने 5-4 से जीत दर्ज की थी।

सिनेमा

## पाकिस्तानी आर्टिस्ट्स संग काम करने पर बोलीं सिंगर सुनिधि चौहान, 'हममें कोई भी फर्क नहीं'



इंडियन सिंगर सुनिधि चौहान की आवाज, इंडिया की आइकॉनिक आवाजों में से एक है. सुनिधि ने बॉलीवुड में 'धूम मचाले' से लेकर 'बीड़ी जलईले' जैसे कई आइकॉनिक गाने गाए हैं, मगर इन दिनों फिल्मी म्यूजिक के साथ-साथ इंडिपेंडेंट म्यूजिक कोलेबोरेशन और कॉन्सर्ट्स करने पर खूब ध्यान दे रही हैं. अब सुनिधि ने एक नए इंटरव्यू में पाकिस्तानी कलाकारों के साथ काम करने को लेकर खूब बात की. उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी म्यूजिक क्यों दुनिया भर में बहुत पॉपुलर हो रहा है. सुनिधि ने कहा कि इंडियन म्यूजिक लेबल और कई आर्टिस्ट इस बैट पर ज्यादा जोर देने लगे हैं कि कैसे भी गाना चल जाए और इस चक्कर में म्यूजिक की प्योरिटी से समझौता हो रहा है. राज शमानी के पॉडकास्ट में सुनिधि ने कहा, 'मैं बहुत सारे पाकिस्तानी लोगों के साथ काम करती हूं और पाकिस्तानी क्यों बोलूं, क्योंकि हम जब मिलते हैं मुझे तो ऐसा लगता है हम एक जैसे ही लोग हैं. सेम आर्टिस्ट भी हैं और सेम लोग भी हैं. एक जैसी बातें करते हैं, एक ही जैसा खाना खाते हैं, हम सब सेम ही हैं असल में, कोई फर्क ही नहीं है. जब मैं यूएस, यूके जाती हूं वहां पर भी बहुत सारे पाकिस्तानी दोस्त मिलते हैं.'

## Highlights

1. **Bangladeshis in Kolkata celebrate as Sheikh Hasina resigns as PM**
2. **MESCOM incurs ₹33.4 crore loss due to heavy rains**
3. **Bengaluru: RPI protesters demand CBI probe into PSI suicide**
4. **Maharashtra mango farmer's farming technique earns huge profits**
5. **How will Sheikh Hasina's exit from Bangladesh impact India?**

# Marico in crisis as Bangladesh business may get hit, shares fall over 4%

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Marico fell more than 4 per cent today (August 6) amid political turmoil in Bangladesh. The company- which owns Saffola and Parachute packaged oil brands- earns around 11-12% of its revenue from Bangladesh.

Nuvama's Abneesh Roy said on Marico, “We remain concerned about Bangladesh in Q2FY25. Other FMCG companies have highlighted a significant adverse impact in Q2 sales in Bangladesh due to massive protests. Marico has the highest exposure 11–12% of consolidated business); for others, exposure is small.”

In June quarter results, the company said the share of Bangladesh in its overall international business has been declining. In FY22, the company had 51% business in Bangladesh which fell to 44% in FY24 and is seen as falling to 40% in FY27.



Marico said in a regulatory filing, “While Bangladesh and Vietnam have led from the front, the strong growth momentum in the MENA and South Africa businesses has visibly strengthened the broad-brd construct and offers margin upside over the medium term. This has resulted in visible geographical diversification in the overall international business, reflecting in the reducing dependence on the Bangladesh business.”

Meanwhile, Domestic brokerage Prabhudas Lilladher downgraded Marico to hold citing Bangladesh turmoil as one of the reasons.

The Hindustan Times YouTube channel now has 7 million subscribers. We thank our viewers for their support. Follow the channel for exclusive video news on politics, sports, entertainment & more.

# Telcos unhappy with new quality of service regulations

**NEW DEIHI, (Agency).** The Cellular Operators Association of India (COAI), an industry body whose core members are Airtel, Jio and Vodafone Idea, has expressed its dissatisfaction with the Telecom Regulatory Authority of India’s (TRAI) new regulations for quality of service (QoS) standards, arguing that telcos do not control all the factors that affect QoS. The new regulations were released on August 2 and apply to landline, mobile and broadband services.

“The industry expresses concern over the proposed




regulations, which not only tighten benchmarks but also shift from quarterly to monthly reporting and site to cell level reporting in many cases... These changes are expected to significantly increase the compliance as well as the cost burden on telecom operators, and without commensurate benefits for the customers,” COAI director general Lt Gen. Dr SP Kochhar said in a statement.

COAI said that while the QoS benchmarks have been tightened over the years, “the ground realities have remained unchanged”. In its statement, the COAI highlighted six issues that are outside the telcos control — Right of Way (RoW) issues while deploying infrastructure in public and private land; frequent takedown of overhead fiber by authorities; the need to install street furniture for 5g networks; interference from other sources (such as wireless devices and electromagnetic interference) that degrades signal quality and network performance; use of illegal boosters and repeaters; and theft of equipment.

An industry expert, on the condition of anonymity, explained that backhaul network, which connects the access network (like mobile towers) with the core network using either microwaves, or the faster and more efficient optical fiber, is the “biggest headache”.

## ट्रांसपोर्टर के घर के बाहर से कार चोरी

**सीसीटीवी में कैद हुई घटना, नेक्सॉन कार से आए बदमाश और क्रेटा कार ले गए**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भंवरकुआ में ट्रांसपोर्टर की क्रेटा कार चोरी हो गई। बताया जाता है कि चोर नेक्सॉन कार से आए थे और क्रेटा कार चोरी कर ले गए। पुलिस को उत्तर प्रदेश की गैंग पर शंका है। मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना हरजिन्दर पुत्र सुरजीत सिंह निवासी विष्णुपुरी के साथ हुई। शुक्रवार 2 अगस्त की रात को वह अपने काम से घर पहुंचे। उन्होंने कार घर के बाहर खड़ी कर दी। दूसरे दिन शनिवार को वह 10 बजे उठे तो कार उनके यहां नहीं थी। उन्होंने मामले में पुलिस में शिकायत की है। पुलिस ने इस मामले फुटेज निकाले। हरजिन्दर के यहां कैमरे नही होने से गली के कार्नर पर लगे कैमरों के फुटेज चेक किये तो उसमें नेक्सॉन कार गली में चक्कर लगाते दिख रही है। बदमाश उसके पीछे क्रेटा कार को ले जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश की गैंग इस तरह की वारदातों को अंजाम देती है। पुलिस शहर के बाहर के फुटेज खंगाल रही है। क्राइम ब्रांच की टीम भी इस मामले में एक्टिव हुई है।

# बस ने ली मिस्त्री की जान

**रोड क्रॉस करते समय हुआ हादसा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आरआर कैट रोड पर मंगलवार **सुबह हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। इसकी सूचना द्वारकापुरी पुलिस ने राजेन्द्र नगर पुलिस को दी। शव को जिला अस्पताल भेजा गया है।**

घटना दिग्विजय नगर मल्टी के सामने की है। यहां पर बाइक पर सवार व्यक्ति सडक़ क्रॉस करते समय निजी ट्रेवल्स की बस की चपेट में आ गया। इस हादसे में बाइक सवार का सिर फट गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वह एक दुकान से सामान लेकर क्रॉस हो रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही बस की चपेट में आ गया। मृतक का नाम कैलाश बताया जा रहा है। वह ऋषि पैलेस कॉलोनी में रहता है। कैलाश पेशे से मिस्त्री है। यहां बातचीत में कुछ लोगों ने बताया कि अलसुबह यहां पर कैलाश शराब लेने पहुंचा था। द्वारकापुरी से ट्रांसफर होकर राजेन्द्र नगर इलाके में आई शराब दुकान पर अवैध तरीके से दुकान खुलने के पहले शराब बेची जा रही थी। कैलाश यहीं पर शराब की बोतल लेने पहुंचा था।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, मौत

बडग़ोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले जाम गेट के पास सडक़ हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य एक युवक गंभीर घायल हैं, जिसे 108 की मदद से शहर के सिविल अस्पताल लाया गया, यहां से उसे इंदौर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार इंदौर में जॉब करने वाले दो दोस्त पर्यटन स्थल जाम गेट घूमने गए थे। तभी जाम के 5 किमी पहले मोड़ पर उनकी बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर में जा घुसी। हादसे में भोपाल के रहने वाले राकेश (20) की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त दीपक गंभीर घायल हो गया। जिसे 108 एंबुलेंस की मदद से शहर सिविल अस्पताल लाया गया। यहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि इस मोड़ पर रोजाना हादसे हो रहे हैं। इसके साथ ही यहां आने वाले लोग तेज गति से वाहन चला रहे हैं। कई बार ग्रामीणों को भी टक्कर मार चुके हैं। इसके साथ ही अंधा मोड़ होने के चलते कार चालक डिवाइडर तोड़ कर कई बार घरों और दुकानों में घुस जाते है। इधर मामले की जानकारी लगते ही बडग़ोंदा पुलिस सिविल अस्पताल पहुंची और पंचनामा बनाकर मामले की जांच शुरू की।

## महापौर के वार्ड प्रतिनिधि को धमकाया

**ब्रिज के उद्घाटन के बाद बैनर पोस्टर फाड़ रहे थे युवक**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रावजी बाजार पुलिस ने वार्ड के महापौर प्रतिनिधि को धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। साउथ तोड़ा ब्रिज के लोकार्पण के बाद आरोपी बैनर पोस्टर फाड़ रहे थे। उन्हें रोकने के लिए महापौर प्रतिनिधि रूके तो उन पर हमला कर दिया। पुलिस आरोपियों को लेकर जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुमित पिता अनिल पिपले निवासी रानीपुरा की शिकायत पर अंसार डिस्क वाला उसके बेटे व अन्य साथी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सुमित ने अपनी शिकायत में बताया कि वह वार्ड के महापौर प्रतिनिधि हैं और सामाजिक काम करते हैं। साउथ तोड़ा ब्रिज का उद्घाटन होने के चलते नगर निगम इंदौर द्वारा विकास कार्यों को लेकर लोकार्पण के संबंध में बैनर पोस्टर लगाए थे। वार्ड का महापौर प्रतिनिधि होने से क्रार्यक्रम की जिम्मेदारी उन्हें दी गई थी। इस प्रोग्राम में मेयर पुष्पमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला और क्षेत्रीय कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम के बाद बैनर हटाने की बात को लेकर सुमित जाने की बात करते हुए हत्या करने की धमकी दी। इसके बाद सुमित ने अपने साथियों को जानकारी दी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को जानकारी देने के बाद थाने जाकर केस दर्ज कराया गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक